**SPICES BOARD**
(Ministry of Commerce and Industry
Government of India)
Sugandha Bhavan
N.H. By-pass
P.B. No. 2277
Palarivattom P.O.
**Cochin - 682 025, India**

**स्पाइसेस बोर्ड**
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय,
भारत सरकार)
सुगन्ध भवन
एन. एच. बाइपास
पी. बी. नं. 2277
पालारिवट्टम पी.ओ.
कोचिन - 682 025, भारत

सं. ई डी पी/सेर्वर-रखरखाव/2017-ई डी पी 03-04-2017

# डाटाबेस की स्थापना और नेटवर्क व सेर्वर समर्थन केलिए निविदा

1. भूमिका

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) भारतीय मसालों के विकास और दुनिया भर में बढ़ावा देने केलिए गठित एक प्रमुख संगठन है। बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेशी आयातकों के बीच की एक अंतर्राष्ट्रीय कड़ी है।

2. कार्य की गुंजाइश

**अनुबंध-I** में अपेक्षाओं के विवरण प्रदान किए गए हैं।

3. एजेंसी केलिए सूचना

क. स्पाइसेस बोर्ड प्रस्तुत किए गए किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने केलिए बाध्य नहीं है ।

ख. प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले कभी भी, स्पाइसेस बोर्ड, किसी भी कारणवश, चाहे खुद की पहल हो या आमंत्रित किसी फ़र्म द्वारा स्पष्टीकरण केलिए किए अनुरोध के उत्तर में, कार्य की गुंजाइश में संशोधन कर सकता है। किसी भी संशोधन को वेबसाइट में प्रकाशित करके बोली लगानेवालों को सूचित किया जाएगा और उन पर यह लागू होगी। स्पाइसेस बोर्ड प्रस्तावों की प्रस्तुति की अंतिम तारीख बढ़ाने का अधिकार रखता है।

4. चयन, पात्रता एवं मूल्यांकन मानदंड

उन कंपनियों/फ़र्म/संगठन द्वारा निविदा प्रस्तुत की जानी है, जो निम्नलिखित पात्रता मानदंड पूरा करते हैं और उसके प्रमाण निविदा के साथ प्रस्तुत किए जाने हैं :

क) बोली लगानेवाला कम से कम एक सरकारी संगठन में पाँच लाख रुपए से अधिक वाले सॉफ्टवेयर/बैकअप/डाटाबेस से संबन्धित परियोजना का निष्पादन किया हुआ होना चाहिए।

ख) बोली लगानेवाले को संबन्धित क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए और समर्थक दस्तावेज़ दिए जाने हैं ।

ग) निविदा के साथ कम से कम पिछले दो सालों के लेखाओं का लेखापरीक्षित विवरण होना चाहिए।

घ) बोलीलगानेवाले के पास कम से कम 10 कर्मचारी होने चाहिए( (निविदा में विशेषज्ञता, कौशल और

जनशक्ति निर्दिष्ट किया जाना चाहिए)

पात्रता मापदण्डों को पूरा करनेवाले फ़र्मों के मामले में ही वित्तीय प्रस्ताव खोले जाएंगे। जो योग्य नहीं हैं उन फ़र्मों का वित्तीय प्रस्ताव, बिना खोले ही वापस कर दिया जाएगा।

5. कोटेशन प्रस्तुत करने का फॉर्मेट

बोली लगानेवाले को निम्नलिखित फॉर्मेट में निविदा प्रस्तुत करनी है:

| **मद** | **कुल लागत (कर रहित) रुपए में** |
|---|---|
| 1. अनुबंध-I के भाग -अ की कुल लागत<br>(डाटाबेस की स्थापना) | |
| 2. अनुबंध-I के भाग-आ केलिए मासिक लागत (नेटवर्क व सेर्वर समर्थन केलिए) | |

नोट: बोली केलिए मद 1 व 2 को अलग अलग माना जाएगा

6. वितरण योग्य परियोजना

- पूरे स्रोत कोड के साथ पूरा स्क्रिप्ट और कॉन्फ़िगरेशन
- उपयोगकर्ता पुस्तिका
- उपयोगकर्ता प्रशिक्षण

7. बोलीलगाने की पूर्व बैठक

निविदा में भाग लेनेवाले सभी बोलीलगानेवालों को 18 अप्रैल, 2017 को दोपहर बाद 2.00 बजे बोर्ड कक्ष, स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एन एच बाई पास, पालारिवट्टम, कोचीन-25 में होनेवाली बैठक में भाग लेना है। **बोलीलगाने की पूर्व बैठक में भाग लिए बिना प्रस्तुत बोलियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

8. स्पष्टीकरण

किसी प्रकार के स्पष्टीकरण केलिए आप श्री जीजेष टी दास, उप निदेशक ( ई डी पी) से संपर्क कर सकते हैं - 91-484-2333603 / jijesh.das@nic.in

9. निविदा की प्रस्तुति

रुचिरखनेवाले अपनी निविदा, मुहरबंद लिफाफे में जिसके ऊपर "डाटाबेस की स्थापना और नेटवर्क व सेर्वर समर्थन केलिए निविदा" लिखा हो, स्पीड पोस्ट/पंजीकृत पोस्ट/दस्ती के ज़रिए प्रस्तुत कर सकते हैं ताकि निम्नलिखित पते पर 28 अप्रैल, 2017 को दोपहर बाद 3.00 बजे तक, भारतीय मानक समय, प्राप्त हो जाए ।

उप निदेशक (ई डी पी)
स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन,
एन.एच.बै-पास, पालारिवट्टम,
कोचीन-25 टेली : 91-484-2333603
इ-मेइल: jijesh.das@nic.in
(निविदाएं स्पाइसेस बोर्ड, कोचीन में 28 अप्रैल, 2017 को दोपहर बाद 3.30 बजे भारतीय मानक समय, को खोली जाएंगी। )

10. **ई एम डी**

क) निविदाकर्ता को निविदा के साथ "Secretary, Spices Board" के नाम पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से तीन महीने के लिए वैध और "कोच्ची में देय" डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से 40,000 रुपए के बराबर की ईएमडी जमा करनी चाहिए। ई एम डी के रूप में बैंक गारंटी स्वीकार नहीं होगी। ईएमडी के बिना बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा जब तक कि निविदाकर्ता की किसी भी श्रेणी को विशेष रूप से ईएमडी के भुगतान से सरकार द्वारा छूट नहीं दी जाती है, जिसके लिए कारण और प्रमाण संलग्न किया जाना है । ठेका प्रदान करने के बाद असफल निविदाकारों को ई एम डी बिना कोई ब्याज के वापिस की जाएगी।

ख) यदि निविदाकर्ता निविदा की वैधता की अवधि के भीतर किसी भी प्रकार से ठेके से अपनी निविदा हटाने या संशोधित करने या चूक करता है तो ईएमडी को जब्त किया जाएगा।

11. भुगतान निबंधन
भाग-अ (डाटाबेस की स्थापना): सफल स्थापना के बाद 50% और बाकी दो महीनों के समर्थन के बाद।
भाग आ(नेटवर्क व सेर्वर समर्थन) : प्रत्येक महीने के अंत में

12. निबंधन व शर्तें
  क) वित्तीय बोली को धारा 5 के अधीन उल्लिखित फॉर्मेट में ही प्रस्तुत किया जाना है। वित्तीय बोली को अलग से मुहरबंद लिफाफे में संलग्न किया जाना है।
  ख) निविदा को खंड 4 में उल्लिखित अनुसार चयन और मूल्यांकन मानदंड के अनुसार होना चाहिए।
  ग) निम्नलिखित दस्तावेज़ों की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए, यदि बोली लगनेवाला एक

| | |
|---|---|
| स्वामित्व फ़र्म | इस संबंध में बोलीदाता द्वारा स्वयं घोषणा |
| साझेदारी फ़र्म | साझेदारी करार और फ़र्म के पंजीकरण प्रमाणपत्र |
| सार्वजनिक/निजी लिमिटेड कंपनी | कंपनी के पंजीकरण प्रमाणपत्र और ज्ञापन और संगठन के लेख |

घ) भाग-अ(डेटाबेस की स्थापना) : कार्य आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर परियोजना पूरी हो जानी चाहिए। देरी होने से परियोजना लागत का 5 प्रतिशत जुर्माना लगेगा।

ङ) भाग-आ(नेटवर्क व सेर्वर समर्थन) में बताए गए सभी काम : कार्य आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर परियोजना पूरी हो जानी चाहिए। देरी होने से एक महीने की लागत जुर्माने के रूप में लगेगा।

च) प्रस्तुति के अंतिम समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

छ) प्रस्तुति की तारीख से कम से कम तीन महीने केलिए यह निविदा वैध होनी चाहिए। अवधि के दौरान, बोली लगानेवाले से कार्य केलिए प्रस्तावित पेशेवर स्टाफ की उपलब्धि बनाए रखने की उम्मीद की जाती है । स्पाइसेस बोर्ड इस अवधि के अंदर निविदा पर निर्णय लेने केलिए भरसक प्रयास करेगा। यदि स्पाइसेस बोर्ड प्रस्तावों की वैधता अवधि बढ़ाना चाहता है तो, उससे असहमत बोली लगनेवालों को, अपने प्रस्ताव की वैधता न बढ़ाने का अधिकार रहेगा।

उप निदेशक (ई डी पी)

**अनुबंध -I : विस्तृत अपेक्षाएं**

**भाग अ: डेटाबेस की स्थापना**

क) लाइव सेर्वर और स्थानीय जांच सेर्वर में ओ एस (सेंट ओ एस) की स्थापना

ख) लाइव सेर्वर और स्थानीय जांच सेर्वर में ओरेकल डेटाबेस(11 जी) की स्थापना

ग) सभी स्थापनाओं में सभी डेटा और वस्तुओं के साथ मौजूदा डेटाबेस आयात करना।

घ) वर्तमान डेटाबेस में निहित सभी लिखित रूपों (पूरे स्क्रिप्ट) को नई स्थापना में आंतरित किया जाना चाहिए।

ङ) दो महीनों केलिए ऑन साइट समर्थन

**भाग-आ: नेटवर्क व सेर्वर समर्थन**

क) विक्रेता, तीन विभिन्न नेटवर्क स्थानों पर सभी डेटा और वस्तुओं सहित निम्नलिखित डेटाबेसों के बैकअप केलिए स्क्रिप्ट प्रदान करेगा। स्क्रिप्ट को शेड्यूलिंग बदलने के लिए कॉन्फ़िगर करने योग्य पैरामीटर के माध्यम से कॉन्फ़िगर करने योग्य होना चाहिए । स्क्रिप्ट को दैनिक, मासिक व वार्षिक आधार पर बैकअप लेकर अलग करना है ।

| | डेटाबेस | ओ एस | सेर्वरों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | Oracle (to be installed) | centOS (to be installed) | 1 |
| 2 | Mysql | centOS | 1 |
| 3 | Mysql | Red hat | 2 |
| 4 | Postgresql | ubuntu | 1 |

ख) विक्रेता को बिना किसी हानि के एक नए डाटाबेस की स्थापना में डाटा लोड कर सकने लायक स्क्रिप्ट प्रदान करना है। प्रारम्भ होने के बाद, स्क्रिप्ट बिना कोई मानवीय हस्तक्षेप के चालू रहना चाहिए।

ग) विक्रेता, तीन विभिन्न नेटवर्क स्थानों पर सभी कोड और सेर्वर कॉन्फ़िगरेशन सहित निम्नलिखित पी एच पी/जावा सेर्वरों के बैकअप केलिए स्क्रिप्ट प्रदान करेगा। स्क्रिप्ट को शेड्यूलिंग बदलने के लिए कॉन्फ़िगर करने योग्य पैरामीटर के माध्यम से कॉन्फ़िगर करने योग्य होना चाहिए । स्क्रिप्ट को दैनिक, मासिक व वार्षिक आधार पर बैकअप लेकर अलग करना है ।

| | सेर्वर | ओ एस | सेर्वरों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | Java | Ubuntu | 1 |
| 2 | PHP | cent-OS | 1 |
| 3 | PHP | Red hat | 2 |

घ) विक्रेता नेटवर्क संबंधी सभी मामलों के समस्या निवारण सहित मुख्यालय के नेटवर्क/नेटवर्क उपकरणों का रखरखाव करेगा। इस ए एम सी के अधीन मदों की खरीद या प्रतिस्थापन शामिल नहीं होगा। यह सेवा 24*7 के आधार पर प्रदान की जानी चाहिए।

ङ) विक्रेता सेर्वर संबंधी सभी मामलों के समस्या निवारण सहित उपर्युक्त सभी सेर्वरों तथा डेटाबेसों का रखरखाव करेगा। इस ए एम सी के अधीन मदों की खरीद या प्रतिस्थापन शामिल नहीं होगा। यह सेवा 24*7 के आधार पर प्रदान की जानी चाहिए।

च) विक्रेता सभी बैकअपों का मॉनिटर करेगा। विक्रेता महीने में एक बार बैकअपों को टेस्ट सेर्वर में लोड करेगा और बैकअप का त्रुटि रहित होना सुनिश्चित करेगा ।

छ) विक्रेता सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9.00 बजे से लेकर शाम के 5.30 बजे के दौरान स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय, कोचीन में साइट पर एक तकनीकी व्यक्ति का समर्थन प्रदान करेगा।

*****************